CMYK

डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/357/2021-23 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक

प्रकाशन 1 सितम्बर, 2023, डिस्पेच दिनांक 1 सितम्बर, 2023

| वर्ष 67 | अंक 07 | भोपाल | 1 सितम्बर, 2023 | पृष्ठ 12 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

सहकारिता क्षेत्र के विकास ने बदली किसानो की जिंदगी - अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित किया

प्रधानमंत्री बनने के बाद से श्री नरेन्द्र मोदी जी देश में कई अभूतपूर्व काम कर रहे हैं, मोदी जी ने देश के किसानों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करते हुए देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया

पिछली सरकार के समय कृषि बजट ₹22000 करोड़ था, जिसे मोदी जी ने 6 गुना बढ़ाकर ₹125000 करोड़ कर दिया

पहले किसानों को 7 लाख करोड़ रूपए का ऋण दिया गया था, जिसे बढ़ाकर मोदी जी ने 20 लाख करोड़ रूपए तक पहुंचा दिया है

मोदी जी ने देशभर के किसानों के बैंक खातों में हर वर्ष डीबीटी के माध्यम से ₹6000 भेजकर एक किसान मित्र का काम किया है

20 से अधिक योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार PACS को मजबूत बना रही है

मोदी सरकार ने गेहूं की खरीदी 251 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 433 लाख मीट्रिक टन की, गेहूं की MSP ₹1400 रुपए से बढ़ाकर ₹2100 और सरसों की MSP ₹3050 से बढ़ाकर ₹5400 करने का काम मोदी सरकार ने किया है

किसानों को अच्छे बीज मिलें, वे अपनी उपज का निर्यात कर सकें और प्राकृतिक खेती करने वाले किसान आगे बढ़ सकें, इसके लिए मोदी जी ने तीन नई कोऑपरेटिव सोसाइटियों की स्थापना की है

प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के स्पेस मिशन को नई गति और ऊर्जा दी, जिससे आज भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है, ये पूरे देश के लिए गौरव का विषय है

दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने राजस्थान की गंगापुर सिटी में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला और इफ्को के अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के किसानों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करते हुए देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी जी देश में कई अभूतपूर्व काम कर रहे हैं, जैसे, अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन और हाल ही में हमारा चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से पूरे देश में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ है क्योंकि दुनिया का कोई देश आज तक वहां नहीं पहुंच सका था। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के स्पेस मिशन को नई गति और ऊर्जा दी, जिससे आज भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है और ये पूरे देश के लिए गौरव का विषय है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देशभर के किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी देश के हर किसान को 6000 रूपए दे रहे हैं। इसके अलावा कई सारे कृषि ऋण और फसल बीमा के काम भी किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय कृषि का बजट 22000 करोड़ रूपए था, जिसे मोदी जी ने 6 गुना बढ़ाकर 125000 करोड़ रूपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि

पहले किसानों को 7 लाख करोड़ रूपए का ऋण दिया गया था, जिसे बढ़ाकर मोदी जी ने 20 लाख करोड़ रूपए तक पहुंचा दिया है। श्री शाह ने कहा कि देश में खाद्यान्न उत्पादन 265 मिलियन टन था, जो अब बढ़कर 323 मिलियन टन तक पहुंच गया है। गेहूं की खरीदी 251 लाख मीट्रिक टन थी, जिसे मोदी जी ने बढ़ाकर 433 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। इसके साथ ही, गेहूं की एमएसपी 1400 रुपए से बढ़ाकर 2100 रूपए करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। सरसों की एमएसपी 3050 रुपए थी, इसे बढ़ाकर 5400 रुपए करने का काम मोदी सरकार ने किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश में Primary Agriculture Credit Society (PACS) को मजबूत करने के लिए मोदी जी 20 से अधिक योजनाएं लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज इफ्को 3500 से ज्यादा सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से देश में सहकारिता को मज़बूत बनाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तय किया है कि देश में दो लाख नए पैक्स बनाकर हर पंचायत में पैक्स को पहुंचाया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि किसानों को अच्छा बीज मिले, वे अपनी उपज का निर्यात कर सकें और प्राकृतिक खेती करने वाले किसान आगे बढ़ सकें, इसके लिए मोदी जी ने तीन नई कोऑपरेटिव सोसाइटियों की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देशभर के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 6000 रूपए भेजकर एक किसान मित्र का काम किया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर कहा देश की सामाजिक अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कोऑपरेटिव्स हैं

सहकारिता को बल देने, आधुनिक बनाने और देश के कोने-कोने में लोकतंत्र की सबसे बड़ी इकाई को मज़बूत करने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है

सहकारिता मंत्रालय देश में सहकारी संस्थाओं का जाल बिछा रहा है, जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति की सुनवाई हो, उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो और वो राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके

दिल्ली । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली में लाल क़िले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा कि देश की सामाजिक अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कोऑपरेटिव्स हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता को बल देने, आधुनिक बनाने और देश के कोने-कोने में लोकतंत्र की सबसे बड़ी इकाई को मज़बूत करने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय देश में सहकारी संस्थाओं का जाल बिछा रहा है, जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति की सुनवाई हो, उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो और वो

राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने सहकार से समृद्धि का रास्ता अपनाया है।

CMYK

खेती-किसानी को उन्नत बनाने के उपायों की तलाश के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला

भोपाल : मध्यप्रदेश सरकार राज्य में खेती-किसानी को उन्नत बनाने के लिये सतत प्रयास कर रही है। इसी क्रम में 22 से 24 अगस्त को किसान-कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा डब्ल्यू.आर.आई. इण्डिया और फूड एण्ड लेण्ड यूज कोलिएशन (फोलू) इण्डिया के सहयोग से कार्यशाला की गई। कार्यशाला में कृषि को उन्नत बनाने के सर्वश्रेष्ठ उपायों की तलाश की गई। आयुक्त कृषि श्री एम. सेलवेन्द्रन, एमडी मण्डी बोर्ड श्री श्रीमन शुक्ला, डब्ल्यू.आर.आई इण्डिया की निदेशक डॉ. रुचिका सिंह, फोलू इण्डिया के कंट्री को-ऑर्डिनेटर डॉ. जयहरि के.एम., विभिन्न संगठनों के सदस्य और कृषि विभाग के 150 से अधिक अधिकारी शामिल हुए।

आयुक्त कृषि श्री सेलवेन्द्रन ने कहा कि पूरे देश में सतत और उन्नत कृषि पद्धतियों के सफल मॉडल्स का परीक्षण करना और विशेष रूप से मध्यप्रदेश के लिये सर्वाधिक उपयुक्त पद्धतियों की पहचान करना कार्यशाला का उद्देश्य है। इन मॉडल्स में कृषि मूल्य श्रृंखला से जुड़े विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। कार्यशाला में प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती के रकबे को बढ़ाने के लिये किसानों को देशी गाय के पालन के लिये 900 रूपये अनुदान दे रही है। कार्यशाला में सिविल सोसायटी संगठनों, खाद्य एवं कृषि से जुड़े निजी संगठनों के साथ-साथ फोलू इण्डिया को प्रमुख साझेदारों के रूप में शामिल किया गया है।

एमडी मण्डी बोर्ड श्री शुक्ला ने कहा कि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से कृषि को उन्नत बनाने में सहायता मिलेगी। संगठनों ने भी अपने प्रेजेंटेशन दिए।

देश में इस समय 150 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

नई दिल्ली: केंद्रीय रसायन और उर्वरक, डॉ. मनसुख मांडविया ने देश में उर्वरकों के इस्तेमाल व उनकी उपलब्धता पर राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ बातचीत की। बैठक के दौरान, उन्होंने नैनो-यूरिया, नैनो-डीएपी और वैकल्पिक उर्वरकों को मैदानी स्तर पर प्रोत्साहन देने की प्रगति तथा इस सिलसिले में राज्यों द्वारा की गई पहलों का जायजा लिया।

बातचीत की शुरूआत में ही डॉ. मांडविया ने सभी राज्यों को सूचित कर दिया था कि देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और इस समय 150 लाख मीट्रिक टन उर्वरक मौजूद है। यह भंडारण न सिर्फ मौजूदा खरीफ मौसम में काम आयेगा, बल्कि आने वाले रबी के मौसम में भी उसकी उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

मांडविया ने मिट्टी की उर्वरकता बचाने के लिये रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की जरूरत को उजागर किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पीएम प्रणाम योजना के रूप में इस दिशा में पहले ही कदम उठा लिये हैं। इन प्रयासों में धीरे-धीरे घुलने वाली सल्फर कोटेड यूरिया (यूरिया गोल्ड), नैनो-यूरिया, नैनो-डीएपी आदि के इस्तेमाल को भी शुरू किया जाना शामिल है।

देशभर में पीएमकेएसके पहल पर चर्चा की गई, जो किसानों की सभी जरूरतों को एक ही स्थान पर पूरा करने के लिये 'वन-स्टॉप-शॉप' के रूप में काम करेगी। उन्होंने राज्यों के कृषि मंत्रियों और राज्य सरकारों से कहा कि वे नियमित रूप से इन पीएमकेएसके का दौरा करें तथा किसानों को जागरूक करें।

यूरिया के गैर-कृषि कामों में इस्तेमाल पर सख़्त कार्यवाही

डॉ. मांडविया ने राज्यों को कहा कि खेती के लिये उपयोगी यूरिया गैर-कृषि कामों में इस्तेमाल न होने दें। राज्य इस सिलसिले में जागरूकता अभियान चलायें, ताकि कृषि यूरिया को अन्यत्र स्थानांतरित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। याद रहे कि इस मामले में केंद्र सरकार के उर्वरक उड़न दस्ते और विभिन्न कृषि विभागों, राज्य सरकारों ने संयुक्त निरीक्षण किया था, तथा गड़बड़ी करने वाली यूरिया संयंत्रों के खिलाफ 45 एफआईआर की गई थीं। इसके अलावा, 32 मिक्सचर संयंत्रों के लाइसेंस रद्द किये गये और 79 मिक्सचर संयंत्रों से उर्वरक के सारे अधिकार छीन लिये गये। इन सबके खिलाफ चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। राज्य सरकारों ने भी ऐसी अपराधियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाने की वकालत की।

बैठक में विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों, राज्य सरकारों के अफसरों और उर्वरक विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

पैक्स कम्प्यूटराईजेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला

भोपाल। केन्द्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अपेक्स बैंक-अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज के संयुक्त तत्वावधान में नाबार्ड के सहयोग से अपेक्स बैंक के सुभाष यादव समन्वय भवन के आडिटोरियम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक्स के मास्टर ट्रेनर, नाबार्ड के डीडीएम, प्राथमिक सहकारी साख समितियों के कर्मचारियों, सिस्टम इंटीग्रेटर के प्रतिनिधियों के लिए पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाले साफ्टवेयर को लाईव करने के लिए आवश्यक डाटा टूल (डीसीपी) एवं अन्य गतिविधियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 22 अगस्त को 26 जिलों एवं 23 अगस्त को शेष 26 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री पी.एस.तिवारी ने कहा कि सभी प्रतिभागी इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में किसी भी प्रकार के तकनीकी सवाल एवं शंका पर जरुर विचार-विमर्श करें, ताकि प्रशिक्षण एजेंसी के व्यावसायिक रुप से दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा उनका निराकरण कर विस्तृत ज्ञान प्रदान किया जा सके। नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री कमर जावेद ने कहा कि आप लोगों ने विस्तृत गाइडलाइन का अध्ययन कर लिया होगा। हमारा इस कार्यशाला को मैनुअल करने का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि पहले आप सभी लोग एक-दूसरे से परिचित हो जायें, ताकि आगे काम करना आसान हो जाए। कार्यशाला का संचालन अरविंद बौद्ध ने किया। इस अवसर पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारीद्वय श्रीमती कीर्ति सक्सेना, श्री संजय मोहन भटनागर, उप महाप्रबंधक उश्री आर.एस.चंदेल, सहायक महाप्रबंधक श्री के.टी.सज्जन, श्री अक्षय जैन, प्रबंध संचालक, अतिशय लिमिटेड, प्रदेश के सिस्टम इंटीग्रेटर, नाबार्ड, सहकारिता विभाग व बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

दवाओं को किफायती दाम पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार 25000 जन औषधि केंद्र खोलेगी

"जन औषधि केंद्रों ने 20,000 करोड़ रुपये की बचत करके देश के मध्यम वर्ग को नई शक्ति प्रदान की है।"

"जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25,000 केंद्र करने का लक्ष्य है"

दिल्ली। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में कहा कि सरकार की 'जन औषधि केंद्रों' की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों ने लोगों, विशेषकर मध्यम वर्ग को नई शक्ति प्रदान की है। यदि किसी को मधुमेह है, तो मासिक बिल 3000 रु. जमा हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, "जन औषधि केंद्रों के माध्यम से हम 100 रुपये कीमत वाली दवाओं को 10 से 15 रुपये में दे रहे हैं।"

सरकार अगले महीने पारंपरिक कौशल वाले लोगों के लिए 13,000 से 15,000 करोड़ रुपये की राशि के आवंटन के साथ विश्वकर्मा योजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार 'जन औषधि केंद्र' (दवा की रियायती दुकानों) की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की दिशा में काम कर रही है।

पांढुर्णा प्रदेश का 55वां जिला बनेगा- मुख्यमंत्री श्री चौहान

भोपाल : मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पांढुर्णा प्रदेश का 55वां जिला बनेगा। नवीन जिले में पांढुर्णा, सौंसर तहसील और नांदनवाड़ी उप तहसील को मिलाया जाएगा।

अपेक्स बैंक का 59 वां वार्षिक साधारण सभा संपन्न

श्री आलोक कुमार सिंह, प्रशासक, अपेक्स बैंक ने साधारण सभा में सहकारिता के विकास हेतु दिये दिशा-निर्देश

अपेक्स बैंक ने वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2023 पर रुपये 128.00 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया - पी.एस.तिवारी, प्रबंध संचालक, अपेक्स बैंक

भोपाल। दिनांक 25 अगस्त 2023 - अपेक्स बैंक टी0टी0नगर स्थित मुख्यालय के सुभाष यादव समन्वय भवन में बैंक के 59 वें सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा के आरंभ में बैंक के प्रबंध संचालक श्री पी.एस.तिवारी ने बैंक का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए संचालक मंडल के सम्माननीय सदस्यगण को बताया कि बैंक ने 31 मार्च 2023 पर रुपये 128.00 का शुद्ध लाभ अर्जित किया है तथा बैंक का शुद्ध एनपीए कम होकर 1.17 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार बैंक सतत् रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर है।

बैंक के प्रशासक श्री आलोक कुमार सिंह द्वारा बैंक के रुपये 128.00 करोड़ का लाभ अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रदेश के सहकारिता आंदोलन के विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर विशेष रुप से उपस्थित प्रमुख सचिव सहकारिता श्री उमाकांत उमराव ने कहा कि वित्तीय अध्ययन कर सहकारी बैंकों के विकास की योजनाबद्ध तैयारी करें। नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री कमर जावेद ने अमानत संग्रहण हेतु नीति निर्धारित करने का सुझाव दिया। बैठक के अन्त में प्रबंध संचालक श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी, सहकारिता मंत्री जी, रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सहकारिता एवं वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ अन्य सहकारी संस्थाओं के प्रति प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता श्री उमाकांत उमराव, अपेक्स बैंक के प्रशासक आयुक्त सहकारिता श्री आलोक कुमार सिंह ,बैंक के प्रबंध संचालक श्री श्री पी.एस. तिवारी नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री कमर जावेद, विशेष कर्तव्य अधिकारी श्री अरुण मिश्रा, श्रीमती कृति सक्सेना ,श्री संजय मोहन भटनागर, राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक श्री ऋतुराज रंजन, वनोपज संघ के सचिव श्री के. के .द्विवेदी ,उप महाप्रबंधक श्री आर.एस. चंदेल ,ओएसडी श्री अरविंद बौद्ध ,सहायक महाप्रबंधक श्री के.टी. सज्जन, प्रबंधक श्री अरविंद वर्मा ,श्री विवेक मलिक, श्री करुण यादव, श्री समीर सक्सेना ,श्री आर.वी.एम . पिल्लई, श्री आशीष राजोरा ,सहित बैंक के प्रतिनिधि एवं सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए।

"बिन सहकार नहीं उद्धार" के मूल मंत्र पर कार्य कर रहा राज्य सहकारी संघ
सहकारिता का स्वर्णिम दौर शुरू - प्रशिक्षक एच. के. राय

सूरजपुरा/छतरपुर। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र नौगांव द्वारा ग्राम सूरजपुर में दिनांक 23 अगस्त 2023 को सहकारिता कैंप लगाया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोजगार सहायक भुवानीदीन ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया, वनोपज समिति प्रबंधक श्री कमलेश कुमार प्रजापति ने समस्त अतिथियों एवं सदस्यों को तिलक लगाकर स्वागत वंदन एवं उत्साहवर्धन किया।

सहकारी प्रशिक्षण केंद्र नौगांव से आए हुए जिला सहकारी प्रशिक्षक श्री हृदेश कुमार राय ने समिति के सदस्यों को निम्न बिंदुओं पर जानकारी साझा की-

सहकारिता की शुरुआत

- भारत में पहला सहकारी अधिनियम समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद वर्ष 1903 में पारित हुआ।

- इसके बाद वर्ष 1904 में पहला सहकारी रेड समिति अधिनियम (कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटीज एक्ट) पारित किया गया।

- 1904 में अंग्रेजों ने भारत में सहकारी समितियां को परिभाषित किया, कानून के बाद इस क्षेत्र में कई पंजीकृत संगठन काम करने आए।

- 1904 में ही भारत में ब्रिटिश सरकार ने महाराष्ट्र में गरीब किसानों के हितों की रक्षा के लिए सहकारी समिति अधिनियम लागू किया स्वतंत्रता के पश्चात भारत में सहकारिता आंदोलन को गति मिली।

सहकारिता का अर्थ

आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संस्थाबद्ध लोग जो साथ-साथ कारोबार चलाकर समाज की आर्थिक सेवा और संस्था के सभी सदस्यों को आर्थिक लाभ करते हैं इसे ही सहकारिता या सहकारी समिति कहा गया है इस प्रकार के व्यवसाय में लगने वाली पूंजी संस्था के सभी सदस्यों के आर्थिक योगदान से जुटाई जाती है।

समिति के उद्देश्य

सहकारी आंदोलन का मुख्य उद्देश्य कृषकों ग्रामीण कारीगरों भूमिहीन मजदूरों एवं समुदाय के कमजोर और पिछड़े वर्ग कम आय वर्ग बेरोजगार को रोजगार क्रेडिट और उपयुक्त तकनीकी प्रदान कर अच्छा उत्पादक बनाना है।

सहकारिता से लाभ

यह एक स्वैच्छिक संगठन है जो पूंजीवादी और समाजवादी दोनों प्रकार के आर्थिक तंत्रो में पाया जाता है।

इसका प्रबंधन लोकतांत्रिक होता है तथा एक व्यक्ति एक मत की संकल्पना

पर आधारित है।

- शिक्षा प्रशिक्षण और सूचना
- सहकारी समितियां के बीच सहयोग
- समुदायों के लिए चिंता

सहकारिता के सात सिद्धांत

1- स्वैच्छिक और खुली सदस्यता
2- प्रजातांत्रिक सदस्य नियंत्रण
3- सदस्यों की आर्थिक भागीदारी
4- स्वायत्तता और स्वतंत्रता
5- शिक्षा प्रशिक्षण और सूचना
6- सहकारी समितियां के बीच सहयोग
7 - समुदायों के लिए चिंता।

कार्यक्रम को विस्तार से बताएं साथ ही समिति के सदस्यों अधिकार, उनके कर्तव्य एवं मीटिंग करना और संचालक मंडल के उत्तर दायित्वों को उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में समझाया, और सदस्यों को आम सभा की बैठक करने नियम कायदे बताएं।

34 प्रकार के नए क्षेत्रों में सदस्य करें समितियां का गठन

ग्रामीणजन शासन के मनसा अनुरूप 34 प्रकार के अलग-अलग क्षेत्र में समिति का गठन कर अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं जैसे श्रमिक सेवा प्रदाता सहकारी समिति, औषधि विक्रय तथा चिकित्सा सेवाएं सहकारी समिति, जैविक कृषि/उद्यानकी/पुष्प फल साग सब्जी समिति, पर्यटन सहकारी समिति, सुरक्षा सहकारी समिति, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहकारी समिति, ग्रामीण परिवहन सहकारी समिति सहित अलग-अलग क्षेत्र में समिति गठन कर नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं यह जानकारी जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक श्री हृदेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान सूरजपुरा समिति के ग्रामीण जनों से कहीं।

प्राथमिक वनोंपज सहकारी समिति गढ़ी मलहरा में सहकारी प्रशिक्षण सम्पन्न

छतरपुर। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित गढ़ीमलहरा विकास खण्ड छतरपुर में दिनांक 23.08.2023 को सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव जिला छतरपुर के द्वारा एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित किया गया जिसमें सहकारिता का अर्थ समिति के उद्देश्य सदस्यों के अधिकार सहित विभिन्न सहकारिता क्षेत्र में जानकारी दी गई जिसमें समिति प्रबंधक श्री प्रशान्त चौरसिया फड़ मुंशी श्री प्रेमचंद कुशवाहा जनपद सदस्य श्रीमती राजाबाई अहिरवार वनोपज सदस्य श्री कड़ोरी कुशवाहा श्री मोतीलाल कोंदर महिला सदस्य श्रीमती रामकली कोंदर श्रीमती लीला बाई कोंदर इत्यादि वनोपज सदस्य आवश्यक रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर का संचालन बाबूलाल कुशवाहा जिला सहकारी प्रशिक्षक सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव जिला छतरपुर म प्र के द्वारा किया गया।

वनोंपज सहकारी समिति बड़ागांव में आयोजित किया गया सहकारी प्रशिक्षण

बड़ागांव/छतरपुर। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र नौगांव द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2023 को एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन बड़ागांव जिला छतरपुर में किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन कर किया गया। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र नौगांव के जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक श्री हृदेश कुमार राय ने समिति के सदस्यों को शिविर के माध्यम से सहकारिता से रूबरू कराया और बताया कि ग्रामीण इलाकों में पशुपालन को बढ़ावा दें एवं पशुओं से होने वाले लाभ जैसे दूध उत्पादन एवं गोबर से खाद आदि के लाभों , जंगली इलाकों में मधुमक्खी पालन एवं कृषि कार्य करने हेतु एवं वनों से होने वाले लाभों बताया। साथ ही सदस्यों को सहकारिता नीति पर चलने की अपील की कहा सभी एक साथ मिलकर कार्य की योजना बनाएं एवं उस कार्य को अमल में भी लाए। इस मौके पर समिति प्रबंधक श्री नंदूलाल खंगार, समिति के अध्यक्ष श्री कदोरा चढ़ार सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी शिक्षण प्रशिक्षक हृदेश कुमार राय सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव ने किया।

सहकारी प्रशिक्षण केंद्र नौगांव द्वारा ग्राम टिकरी में किया गया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

टिकरी/छतरपुर। सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव जिला छतरपुर म प्र के द्वारा दिनांक 10.08.2023 को प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित ग्राम टिकुरी विकास खण्ड राजनगर जिला छतरपुर एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित किया गया। शिविर मे सहकारिता का अर्थ, समिति के उद्देश्य, सदस्यों के अधिकार सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें समिति प्रबंधक श्री बेनी प्रसाद अहिरवार जिला वनोपज यूनियन अध्यक्ष श्री भरत प्रसाद राय फड़ मुंशी श्री नाथूराम रैकवार सदस्य श्री हरजू कुशवाहा, श्री हेमू कुशवाहा, श्री कूड़ा कुशवाहा, महिला सदस्य श्रीमती गनेशी बाई कुशवाहा ,श्रीमती राधा कुशवाहा श्रीमती प्यारी बाई रैकवार इत्यादि वनोपज सदस्य उपस्थित रहे। शिविर का संचालन बाबूलाल कुशवाहा , जिला सहकारी प्रशिक्षक सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव जिला छतरपुर द्वारा किया गया किया।

मछुआ सहकारी समिति मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चरगवां रीठी जिला कटनी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षक पीयूष राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष श्री मो. इस्सरार, उपाध्यक्ष श्री गनेश, सदस्यो मे रवि, मुकेश, संतोष तथा समिति के अन्य सदस्यो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक पीयूष राय ने प्रशिक्षार्थियो को सहकारी समिति मे सदस्यो की योग्यताएँ, अयोग्यताओ के संबंध एवं मछली पालन कार्य से संबन्धित आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त मे श्री गनेश जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

मछुआ सहकारी समिति बीजासेन मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मछुआ सहकारी समिति बीजासेन जिला सिवनी मे किया गया जिसमे केन्द्र के प्रशिक्षक जय कुमार दुबे द्वारा समिति के उपस्थित सदस्यो को समितियो मे होने बाली बैठको, आम सभा की बैठको के बारे मे प्रशिक्षण दिया साथ-साथ सभी सदस्य मछली पालन , पशुपालन और नये-नये व्यवसाय की ओर अपना आर्कषण बढाये ताकि सदस्यो की मासिक आय को बढाया जा सके। अध्यक्ष श्री धुट्टू बर्मन उपाध्यक्ष श्री सुरेश झारिया, मनोहर लाल, गुलाब, चुरामन, सुभाष, गणेश के साथ अनेको सदस्य उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष श्री बर्मन ने अपना अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया।

सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर द्वारा वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रीठी जिला कटनी में एक दिवसीय वर्ग का आयोजन प्रशिक्षक पीयूष राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक श्री विजय राय, सहायक प्रबंधक श्री हीरालाल पटेल एवं समिति के अन्य सदस्यो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। जिला सहकारी प्रशिक्षक श्री पीयूष राय ने प्रशिक्षार्थियो को समिति में सदस्यो की योग्यता, अयोग्यताओ एवं नवीन समिति के गठन के संबंध मे जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त मे श्री हीरालाल पटेल जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. बकलेहटा में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. बकलेहटा जिला कटनी में एक दिवसीय वर्ग का आयोजन प्रशिक्षक पीयूष राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक श्री लल्लू पटेल एवं समिति के अन्य सदस्यो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया। जिला सहकारी प्रशिक्षक श्री पीयूष राय ने प्रशिक्षार्थियो को सहकारिता के उद्देश्य, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ के संबंध मे चर्चा की। कार्यक्रम के अन्त मे श्री लल्लू पटेल जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

मछुआ सहकारी समिति कुदवारी मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा माँ मछुआ सहकारी समिति मर्यादित कुदवारी जिला सिवनी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षक जय कुमार दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुएँ श्रीमति सुनैना बर्मन ने सभी सदस्यो को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम को आरंम्भ किया। सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर के प्रशिक्षक जय कुमार दुबे ने सदस्यो को समितियो से जुड़ी हुई अनेको जानकारीया दी जैसे सहकारिता का महत्व, सदस्यो की योग्यताएँ व अयोग्यताएं एंव नवीन क्षेत्रो मे सहकारिता का गठन आदि विषयो मे चर्चा की। कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत सरंपच श्री संतोष मर्रापा एंव सचिव श्री संतोष तिवारी जी उपस्थित हुए। सचिव श्री तिवारी जी ने कहा कि समिति को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण का आयोजन होना अवश्यक है। अंत मे सरंपच श्री सतोष मर्रापा ने आभार व्यक्त करते हुए युवा पीढ़ी को समिति मे सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा (म0प्र0)

दूसरी तालिका बैंकिंग एग्लेशन एक्ट 1949 धारा 29 के अन्तर्गत प्रारूप ''स''

31.03.2023

31.03.2022 (राशि रू.)	विवरण पूंजी एवं दायित्व	राशि रू.	31.03.2023 (राशि रू.)
500,000,000.00	**1. अंश पूंजी अधिकृत**	**500,000,000.00**	
	''अ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1000.00 प्रति अंश		
	''ब'' श्रेणी के अंशों में रूपयें 100.00 प्रति अंश		
	''स'' श्रेणी के अंशों में रूपये 50.00 प्रति अंश		
	''द'' श्रेणी के अंशों में रूपये 10.00 प्रति अंश		
	''इ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 5.00 प्रति अंश		
	''फ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1.00 प्रति अंश		
539,895,703.00	**''अ'' प्रदत्त अंशपूजी**	**588,499,703.00**	**588,499,703.00**
102,399,990.00	''अ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1000.00 प्रति अंश	102,399,990.00	
437,451,670.00	''ब'' श्रेणी के अंशों में रूपये 100.00 प्रति अंश	486,055,670.00	
	''स'' श्रेणी के अंशों में रूपये 50.00 प्रति अंश		
44,043.00	''द'' श्रेणी के अंशों में रूपये 10.00 प्रति अंश	44,043.00	
	''इ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 5.00 प्रति अंश		
	''फ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1.00 प्रति अंश		
539,895,703.00	**ब अभिदत्त अंशपूंजी**	**588,499,703.00**	**588,499,703.00**
102,399,990.00	''अ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1000.00 प्रति अंश	102,399,990.00	
437,451,670.00	''ब'' श्रेणी के अंशों में रूपये 100.00 प्रति अंश	486,055,670.00	
	''स'' श्रेणी के अंशों में रूपये 50.00 प्रति अंश	-	
44,043.00	''द'' श्रेणी के अंशों में रूपये 10.00 प्रति अंश	44,043.00	
	''इ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 5.00 प्रति अंश		
	''फ'' श्रेणी के अंशों में रूपये 1.00 प्रति अंश		
539,895,703.00	**स उक्त में से धारित अंशपूजी**	**588,499,703.00**	**588,499,703.00**
437,451,670.00	''अ'' सहकारी संस्थाओं द्वारा	486,055,670.00	
102,399,990.00	''ब'' राज्य शासन द्वारा	102,399,990.00	
-	''स'' एकीकृत सहकारी विकास परियोजना	-	
44,043.00	''द'' नाम मात्र	44,043.00	
458,493,681.38	**2. रक्षित कोष एवं अन्य निधियां**	**462,940,420.38**	**462,940,420.38**
61,841,249.25	अ) वैधानिक कोष	62,690,342.25	
20,731,669.25	ब) भवन निधि	20,784,370.25	
51,713,050.00	स) कृषि साख स्थायीकरण निधि	54,032,463.00	
311,147.00	द) लाभांश समानीकरण निधि	311,147.00	
2,684,713.17	इ) विशिष्ट संदिग्ध एवं डूबंत निधि	2,684,713.17	
2,063,884.30	फ) संदिग्ध एवं डूबंत ऋणार्थ निधि	2,063,884.30	
6,803.00	ज) विनियोग अवक्षयण निधि	6,803.00	
11,626,051.00	ह) पुनः पूंजीकरण खाता (वैधनाथन)	11,626,051.00	
	अन्य निधियां		

31.03.2022 (राशि रू.)	विवरण सम्पत्तियां लेनदारी	राशि रू.	31.03.2023 (राशि रू.)
235,247,497.29	1. रोकड	348,480,670.85	348,480,670.85
916,297,672.64	**2. बैंक बैलेन्स**	**1,139,563,312.97**	**1,139,563,312.97**
87,222,850.15	1. भारतीय स्टेट बैंक छिन्दवाड़ा	(2,100,601.95)	
23,419.02	2. भारतीय स्टेट बैंक दिल्ली	23,419.02	
2,341,808.75	3. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	341,737.95	
304,310,786.39	4. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	334,801,096.81	
77,196.77	5. महाराष्ट्रा को–आपरेटिव बैंक मुम्बई	73,252.23	
174,907.48	6. महाराष्ट्रा को–आपरेटिव बैंक नागपुर	167,627.48	
2,523.96	7. बेस्ट बेंगोल को–आपरेटिव बैंक कलकत्ता	2,523.96	
118,740,302.66	8. आई.सी.आई.सी.आई. बैंक छिन्दवाड़ा	231,527,848.02	
115,888,734.20	9. आई.डी.बी.आई. बैंक छिन्दवाड़ा	5,247,681.17	
4,673,815.13	10. ऐक्सेस बैंक छिन्दवाड़ा	2,084,328.45	
-5,017,562.91	11. म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्या. जबलपुर	90,770,822.75	
-15,086,105.49	12. म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्या. भोपाल (एम.ए.एस.)	(13,587,550.59)	
-	13. म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्या. भोपाल	-	
682,466.35	14. बैंक ऑफ महाराष्ट्रा	6,148,128.35	
20,000,000.00	15. एच.डी.एफ.सी.बैंक छिन्दवाड़ा	9,299,958.70	
195,136,023.37	16. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (आर.टी.जी.एस.)	438,287,716.84	
1,000,000.00	17. आई.सी.आई.सी.आई. बैक छि. (आई एम पी एस)	1,000,000.00	
86,078,028.81	18. आई.सी.आई.सी.आई.बैक छि. (ए टी एम)	34,133,010.78	
48,478.00	19. इंडसइंड बैंक	1,342,313.00	
814,928,532.39	**3. अन्य बैंकों में**	540,383,431.39	540,383,431.39
701,680,189.00	1. मृददति अमानत शीर्ष बैंक	466,935,088.00	
-	2. रक्षित निधि शीर्ष बैंक	-	
11,168,923.00	3. मुददति अमानत भारतीय स्टेट बैंक छिन्दवाड़ा	11,168,923.00	
-	4. मुददति अमानत आईडीबीआई बैंक	-	
102,079,420.39	5. मुददति अमानत अन्य बैंक	62,279,420.39	
-	**4. बैंको में मॉग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि**	500,000,000.00	500,000,000.00
2,091,544,700.00	**5. विनियोग**	**1,872,212,500.00**	**1,872,212,500.00**
	''अ'' केन्द्रीय/राज्य शासन की प्रतिभूतियॉं		
1,890,034,700.00	1. पुस्तक मूल्य	1,641,002,500.00	
-	2. बाजार मूल्य	-	
-	3. आयुक्त कीमत	-	
	''ब'' अन्य प्रतिभूतियों में		
-	''स'' अन्य सहकारी संस्थाओं	-	
	उक्त पद पांच के अतिरिक्त		

31.03.2022 (राशि रू.)	विवरण पूँजी एवं दायित्व	राशि रू.	31.03.2023 (राशि रू.)
65,000.00	1. भंडार कोष	65,000.00	
3,630.00	2. चिकित्सा सहायता कोष	3,630.00	
3,585,363.57	3. जीप कोष	3,826,959.57	
2,850.00	4. अंश प्राप्ति कोष	2,850.00	
2,328,813.81	5. कर्मचारी उपदान कोष	2,328,813.81	
2,329,800.00	6. आम लाभ कोष	3,212,857.00	
587,248.28	7. जोखिम कोष	587,248.28	
30,000.00	8. लाभांश कोष	30,000.00	
296,499.00	9. धर्मादा कोष	296,499.00	
4,480.00	10. संचालक प्रोत्साहन कोष	4,480.00	
1,304.25	11. वसूली उपहार कोष	1,304.25	
40,000.00	12. कर्मचारी मोटरसाईकल	40,000.00	
27,857,609.00	13. अंश विमोचन निधि	27,857,609.00	
14,000,000.00	14. संगणक कोष	14,000,000.00	
9,632,553.00	15. सहकारी विकास निधि	9,632,553.00	
5,550,336.00	16. प्रशिक्षण निधि	5,550,336.00	
8,787,079.00	17. एक्स ग्रेसिया / कर्मचारी लाभांश	8,787,079.00	
23,000,000.00	18. सीबीएस अनुसार संचित जमा राशि	23,000,000.00	
4,127,530.50	19. बचत बैंक निधि	4,228,409.50	
199,013,000.00	20. पुनर्मुल्यांकन निधि	199,013,000.00	
	21. अतिदेय ब्याज प्राप्त	-	
5,200,000.00	22. प्रोद्योगिकी अंगीकरण निधि	5,200,000.00	
1,072,018.00	23. सहकारी अनुसंधान एवं विकास निधि	1,072,018.00	
	24. अन्य प्रावधान		
	25. ऋण मुक्ति विलम्बित खाता प्रावधान		
	26. कैडर फण्ड प्रावधान		
	27. मानक अस्तियां हेतु प्रावधान		
	28. नान बैकिंग सम्पत्तियां हेतु प्रावधान		
	29. अन्तर शाखा समायोजन हेतु प्रावधान		
	30. अप्राप्त ब्याज हेतु प्रावधान		
	31. कोर बैकिंग सेवाऍं हेतु प्रावधान		
-	3. राज्य भागीदारी मूल सहायक कोष	-	-
7,904,163,968.21	4. अमानते एवं अन्य खाते	**7,725,639,993.30**	**7,725,639,993.30**
